# महंगी हो सकती है राशन की चीनी

**नई दिल्ली।** आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी (सीसीईए) शुक्रवार को राशन दुकानों पर बेची जाने वाली चीनी की कीमतों में बढ़ोतरी पर विचार कर सकती है। यदि समिति यह निर्णय करती है तो पिछले एक दशक में पहली बार राशन चीनी की कीमतों में वृद्धि होगी। राशन दुकानों पर चीनी का मौजूदा भाव 13.50 रुपये प्रति किलो है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए सरकार प्रति वर्ष 27 लाख टन चीनी गरीबों को बेचती है। समिति को भेजे अपने नोट में खाद्य मंत्रालय ने कीमतों में कितनी वृद्धि की जाए, इसका जिक्र नहीं किया है। मंत्रालय ने यह फैसला समिति पर ही छोड़ दिया है। सूत्रों के मुताबिक, खाद्य मंत्रालय कह चुका है कि यदि कीमतें बढ़ाकर 25.37 रुपये प्रति किलो कर दी जाती हैं, तो सरकार लेवी चीनी पर किसी तरह की सब्सिडी का भुगतान नहीं करना पड़ेगा। यदि इस भाव से प्रति एक रुपये कम पर चीनी बेची जाती है तो सरकार को हर साल 270 करोड़ रुपये की सब्सिडी देनी होगी। **एजेंसी**